RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/05/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan Prayagraj (U.P.)

लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें शत-प्रतिशत मतदान

प्रयागराज | निज संवाददाता

लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। उक्त विचार बरेली की जिला कमांडेन्ट प्रीति शुक्ला ने गांधी अकादमिक संस्थान की ओर से आयोजित मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि स्वयं मतदान करें एवं दूसरों को मतदान के लिए प्ररित करे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रहित में मतदान की शपथ दिलाई। संस्थान के निदेशक ओम प्रकाश शुक्ल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डीके सिंह, नायब तहसीलदार लालकृष्ण पटेल, भारतीय रेलवे के राजीव सिंह, प्रदीप कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

गांधी अकादमिक संस्थान में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में बोलती जिला कमान्डेंट प्रीति शुक्ला। इस मौके पर मौजूद छात्र-छात्राएं।

आरएएफ के जवानों ने की अपील

फाफामऊ। लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए शांतिपुरम स्थित द्रुत कार्य बल 101 बटालियन के जवानों ने क्षेत्र के चंदापुर गांव में शनिवार को मतदाता जागरूकता मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। कमांडेंट आरके निगम ने कहा कि देश हित में मतदान करना बहुत जरूरी है। महिलाओं को आरएएफ की महिला जवानों ने वोट के महत्व को बताया।

अभियान के जरिए दिया संदेश : नैनी। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के बैनर तले शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अरैल ग्राम पंचायत क्षेत्र घर-घर जाकर स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया और वोटिंग की अपील की। संस्था के संस्थापक कुंवर जी तिवारी, राकेश मिश्रा, आशीष जायसवाल, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, रोहित तिवारी आदि रहे।

मतदानकर्मियों ने पंखे बिना गुजारी रात

झूंसी। निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद भी मतदान केंद्रों पर अव्यवस्थाएं पसरी रहीं। भीषण गर्मी में मतदान कर्मियों को बिना कूलर, पंखे के रात गुजरी। शनिवार को बहादुरपुर विकासखंड के कोटवां छेदई गंज बाजार स्थित पोलिंग बूथ पर प्रशासन ने व्यवस्था के नाम पर बिजली तो लगवा दी। लेकिन पंखे-कूलर आदि की व्यवस्था नहीं हो सकी। शौचालय में दरवाजे के नाम की जगह पर्दा लगा दिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि यहां चारों ओर गंदगी ही गंदगी थी उन्होंने सफाई की तब जाकर बैठने की जगह बन सकी। मतदान कर्मियों ने भीषण गर्मी में बिना पंखों के रात गुजारी।

Hindustan Prayagraj (U.P.)

आरएएफ के जवानों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

१०१ आरएएफ वाहिनी के जवानों ने लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर प्रयागराज में मतदान से एक दिन पूर्व शनिवार को चंदापुर गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को १०० फीसदी मतदान के लिए अपील की।

रैली में वाहिनी के कमाण्डेंट आरके निगम ने सभी नागरिकों को अपने मताधिकार के लिए जागरूक किया और देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना भी देशभक्ति की श्रेणी में आता है, क्योंकि यह देश हमारा है और इस देश में कैसी सरकार होनी चाहिए उसमें हमारी भूमिका का माध्यम मतदान से ही संभव होता है। सभी मतदान करें व लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। जबतक इस महापर्व में सभी सहभागिता नहीं करेंगे तब तक देश प्रगति पथ पर अग्रसर नही हो सकता।

रैली में गांव के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। गांव के सक्रिय सदस्य राजू ठाकुर ने रैली में अपना सक्रिय योगदान दिया और बुजुर्गों को भी रैली में शामिल किया। वाहिनी की महिला कार्मिकों ने गांव की महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदान के महत्व को भी समझाया।

मुहब्बत की सहरी, अमन की दुआ

... रमजान मुबारक महीने में ... के इश्क से चेहरे का नूर भी निखर रहा है। इबादत करने वाले शख्स ...

Hindustan Prayagraj (U.P.)

रेलवे के राजीव सिंह, प्रदीप कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

आरएएफ के जवानों ने की अपील : प्रयागराज। लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए शांतिपुरम स्थित द्रुत कार्य बल 101 बटालियन के जवानों ने क्षेत्र के चंदापुर गांव में शनिवार को मतदाता जागरूकता मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। कमांडेंट आरके निगम ने कहा कि देश हित में मतदान करना बहुत जरूरी है। महिलाओं को आरएएफ की महिला जवानों ने वोट के महत्व को बताया।

अभियान के जरिए दिया संदेश : नैनी। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के बैनर तले शनिवार को मतदाता

AmarUjala Prayagraj(U.P.)

आरएएफ जवानों व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

प्रयागराज। रिकार्डतोड़ मतदान के लिए शनिवार को आरएएफ के जवानों व शिक्षकों ने जागरूकता रैलियां निकालीं। इस दौरान शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। आरएएफ की 101वीं वाहिनी के कमांडेंट आरके निगम के नेतृत्व में चंदापुर में रैली निकाली गई। इसमें जवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उधर, प्रयागराज धर्मार्थ संस्थान व ग्रामीण महिला उत्थान समिति की ओर से प्रबंधक एसके मिश्रा की अगुवाई में रैली निकाली गई। इसमें कमलेंद्र सिंह, राकेश कश्यप, नंदिनी वर्मा, डॉ नूतन सिंह, मधु मिश्रा, विनीता मिश्रा समेत कई लोगों ने हिस्सा लिया।

Dainik Jagran Prayagraj(U.P.)

मतदान के लिए किया गया जागरूक

फाफामऊ, प्रयागराज : क्षेत्र के चंदापुर गांव में शनिवार की सुबह आरएएफ के जवानों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली में आरएएफ 101 बटालियन के कमांडेंट आरके निगम, सुधेंद्र सिंह के अलावा दर्जनों की संख्या में आरएएफ के जवान शामिल रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।